Adda247

GET IT ON Google Play

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 04/08/2026 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

Section : **General Science**

**Q.1** एक विद्यार्थी, जिंक की नाइट्रिक अम्ल के साथ अभिक्रिया के लिए ढाँचागत समीकरण लिखता है:
$Zn + HNO_3 \rightarrow Zn(NO_3)_2 + H_2$
समीकरण को सबसे छोटी पूर्ण संख्या गुणांकों के साथ संतुलित करने के बाद, संतुलित समीकरण में सभी गुणांकों का योगफल कितना होगा?

Ans
- ✔ A. 5
- ✘ B. 7
- ✘ C. 6
- ✘ D. 8

**Q.2** कौन-सा कथन सही ढंग से दर्शाता है कि रासायनिक परिवर्तन भौतिक परिवर्तन से भिन्न है?

Ans
- ✔ A. रासायनिक परिवर्तन से नया पदार्थ बनता है, जबकि भौतिक परिवर्तन में नहीं।
- ✘ B. रासायनिक परिवर्तन केवल आकार और रूप को प्रभावित करता है, जबकि भौतिक परिवर्तन संरचना को प्रभावित करता है।
- ✘ C. रासायनिक परिवर्तन हमेशा प्रतिवर्ती होता है, जबकि भौतिक परिवर्तन कभी भी प्रतिवर्ती नहीं होता है।
- ✘ D. रासायनिक परिवर्तन केवल रूप बदलते हैं, जबकि भौतिक परिवर्तन नए पदार्थ बनाते हैं।

**Q.3** किन स्थितियों के संयोजन से समुद्री अवसादों से पेट्रोलियम का निर्माण होने की सर्वाधिक संभावना है?

Ans
- ✘ A. उच्च ताप, निम्न दाब, वायवीय स्थितियां
- ✘ B. निम्न दाब, उच्च ताप, वायवीय स्थितियां
- ✘ C. निम्न ताप, निम्न दाब, वायवीय स्थितियां
- ✔ D. उच्च दाब, उच्च ताप, अवायवीय स्थितियां

**Q.4** एक जनजातीय समुदाय खाद्य और औषधि के लिए वन्य मशरूमों (wild mushrooms) की पहचान करता है। निम्नलिखित में से कौन-सा गुण, उनके पोषण और औषधीय मूल्य के लिए सबसे अधिक प्रासंगिक है?

Ans
- ✘ A. रंगीन कैप पैटर्न उपस्थिति
- ✔ B. जैवसक्रिय यौगिकों की उच्च मात्रा
- ✘ C. शीघ्रता से स्पोर उत्पादन क्षमता
- ✘ D. पादपों से संरचनात्मक समानता

**Q.5** प्रयोगशाला में कवक संवर्धन को गर्म और आर्द्र ऊष्मायित्र में रखने पर उसमें उत्तम वृद्धि प्रेक्षित की जाती है। इन स्थितियों से उसकी जैविकी का कौन-सा पहलू प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होता है?

Ans
- ✘ A. रसधानियों में उच्च ऊर्जा भंडारण
- ✘ B. कोशिका विभाजन की अधिकतम दर
- ✘ C. वर्णक उत्पादन में वृद्धि
- ✔ D. इष्टतम बीजाणु अंकुरण और वृद्धि

Test Prime By Adda247

# ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

*Test. Analyze. Improve. Repeat.*

**Don't just prepare. Perform.**

Test Prime – built only for mock tests.




| 1,50,000+ | 25,000+ | 800+ | 500% |
|---|---|---|---|
| Mock Tests | Previous Year Papers | Exam Covered | Refund on Selection |

**5 lakh+** Free Quizzes

**Daily** Free PDFs

**Top Alerts** Stay Updated

## WHY TEST PRIME?

- Multilingual
- Detailed Solution
- Strong and Weak Areas
- All India Rankings

Safe & Reliable

Trusted by Lakhs of Aspirants

Your Success, Our Mission

**DOWNLOAD TEST PRIME**

*Your Success Partner!*

GET IT ON Google Play

Download on the App Store


Test Prime
SUCCESS GALLERY!
MEET THE ACHIEVERS
Shreya, SBI PO
Sahil, SBI PO
Srijita, SBI PO
Vikram, IBPS PO
Neeti, IBPS PO
Arya, IBPS PO
Hasan, SSC CGL
Palak, SSC CGL
Priti, UP TGT
Aniket, Bihar Stet
Shaurya, NTPC
Sarita, CTET
Gourav, NTPC
Sanni, NTPC
Abhishek, CTET
Sapna, IBPS Clerk
THEY DID IT. YOU CAN TOO
READ THEIR STORIES !

**Q.6** किसी तत्व की संयोजकता क्या दर्शाती है?

**Ans**

❌ A. नाभिक में उपस्थित न्यूट्रॉनों की कुल संख्या

❌ B. किसी परमाणु में उपस्थित इलेक्ट्रॉन कोशों की कुल संख्या

❌ C. परमाण्विक द्रव्यमान मात्रकों में मापा गया परमाणु का द्रव्यमान

✔ D. रासायनिक अभिक्रियाओं में किसी परमाणु की संयोजन क्षमता

**Q.7** जब _______, तो एक उत्तोलक 1 से अधिक यांत्रिक लाभ प्रदान करता है।

**Ans**

❌ A. आलंब अनुपस्थित होता है

❌ B. दोनों भुजाएं बराबर होती हैं

✔ C. आयास-भुजा, भार भुजा से लंबी होती है

❌ D. भार भुजा, आयास-भुजा से लंबी होती है

**Q.8** धातु तंतु बल्ब से विद्युत धारा प्रवाहित होने पर वह दीप्त क्यों होता है?

**Ans**

❌ A. तंतु शून्य प्रतिरोध के साथ धारा का चालन करता है

❌ B. तंतु धारा द्वारा चुम्बकित हो जाता है

✔ C. तंतु प्रतिरोध प्रदान करके विद्युत ऊर्जा को ऊष्मा और प्रकाश में परिवर्तित करता है

❌ D. तंतु में रासायनिक अभिक्रिया से प्रकाश उत्पन्न होता है

**Q.9** एक विज्ञान प्रोजेक्ट में परिपथ में विद्युत धारा को नियंत्रित करने के लिए एक परिवर्ती प्रतिरोधक की आवश्यकता होती है। इस घटक को निरूपित करने के लिए व्यवस्थित आरेख (schematic diagram) में किस प्रतीक का उपयोग किया जाना चाहिए?

**Ans**

✔ A. एक जिग-जैग रेखा जिस पर एक तीर का निशान हो

❌ B. एक सीधी रेखा जिसमें एक अंतराल और एक सेतु हो

❌ C. समानांतर लंबी और छोटी रेखाएं

❌ D. एक सरल जिग-जैग रेखा

**Q.10** वह मुख्य क्रियाविधि क्या है जिसके द्वारा साबुन कपड़ों से तैलीय गंदगी हटाता है?

**Ans**

❌ A. साबुन तेल के साथ रासायनिक अभिक्रिया करके उसे घुलनशील अल्कोहल में परिवर्तित कर देता है

❌ B. साबुन चिपचिपापन बढ़ाता है और अशुद्धियों को सीधे पानी में घोल देता है

❌ C. साबुन जल की मात्रा को वाष्पित कर देता है और उर्ध्वपातन के माध्यम से गंदगी को अलग कर देता है

✔ D. साबुन के अणु पृष्ठ तनाव को कम करते हैं और गंदगी को फँसाने वाले (trapping) मिसेल्स बनाते हैं

**Q.11** जब जस्ते की स्ट्रिप को लौह (II) सल्फेट के विलयन में डुबोया जाएगा, तो क्या होगा?

**Ans**

❌ A. कोई अभिक्रिया नहीं होती है।

✔ B. जस्ता विलयन से लोहे को विस्थापित करता है।

❌ C. जस्ते पर लौह ऑक्साइड की परत चढ़ जाती है।

❌ D. जस्ता पर लोहे का जमाव होता है और हाइड्रोजन गैस उत्सर्जित होती है।

**Q.12** एक भौतिकी शिक्षक ने विद्यार्थियों से एक ऐसा परिदृश्य बनाने को कहा जिसमें शेविंग के लिए अवतल दर्पण का उपयोग करके चेहरे का बड़ा और सीधी प्रतिबिंब प्राप्त किया जा सके। इस परिणाम के लिए दर्पण के सापेक्ष चेहरा कहां होना चाहिए?

**Ans**

❌ A. दर्पण के वक्रता केंद्र से परे

✔ B.
ध्रुव और दर्पण के फोकस के बीच

❌ C. दर्पण के वक्रता केंद्र पर

❌ D. दर्पण के फोकस पर

| | |
|---|---|
| Q.13 | एक महिला को मासिक धर्म में अत्यधिक और दीर्घावधि तक रक्तस्राव होता है। उसके डॉक्टर को अंतर्गर्भाशय-कला (endometrium) से संबंधित समस्या होने का संदेह है। इस लक्षण का कारण बनने वाली कौन-सी शरीरक्रियात्मक प्रक्रिया सर्वाधिक प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होती है? |
| Ans | ✗ A. रक्त वाहिका निर्माण में कमी<br>✓ B. अन्तर्गर्भाशयकला ऊतक का अत्यधिक झड़ना<br>✗ C. डिंब-ग्रंथि हार्मोन के उत्पादन में कमी<br>✗ D. डिंब के स्राव में विलंब |

| | |
|---|---|
| Q.14 | एक तत्व X से एक आयन $X^{2+}$ बनता है। यदि X के उदासीन परमाणु में 20 इलेक्ट्रॉन हैं, तो आयन में कितने इलेक्ट्रॉन उपस्थित हैं? |
| Ans | ✗ A. 24<br>✓ B. 18<br>✗ C. 22<br>✗ D. 20 |

| | |
|---|---|
| Q.15 | एक बच्चा झूले पर झूल रहा है। ऊर्जा संरक्षण नियम के आधार पर, किस बिंदु पर बच्चे की गतिज ऊर्जा सबसे अधिक होती है? |
| Ans | ✗ A. झूले के उच्चतम बिंदु पर<br>✗ B. गतिज ऊर्जा सभी बिंदुओं पर बराबर होती है<br>✗ C. उच्चतम और निम्नतम बिंदुओं के बीच में<br>✓ D. झूले के निम्नतम बिंदु पर |

| | |
|---|---|
| Q.16 | एक-विमीय गति में निम्नलिखित में से कौन-सी राशि कभी भी ऋणात्मक नहीं हो सकती है? |
| Ans | ✗ A. वेग<br>✗ B. विस्थापन<br>✗ C. स्थिति में परिवर्तन<br>✓ D. पथ की लंबाई |

| | |
|---|---|
| Q.17 | जब प्रकाश की कोई किरण किसी त्रिभुजाकार कांच के प्रिज्म से होकर गुजरती है, तो निर्गत किरण सामान्यतः आपतित किरण के समानांतर नहीं होती है। इस प्रेक्षण की सर्वोत्तम व्याख्या निम्नलिखित में से क्या है? |
| Ans | ✗ A. प्रकाश किरण प्रिज्म के दोनों फलकों पर पूर्ण परावर्तन से गुजरती है।<br>✗ B. प्रिज्म के समानांतर फलक समान अपवर्तन करते हैं जो एक-दूसरे को निरस्त कर देते हैं।<br>✓ C. प्रिज्म के दो अपवर्तक फलक एक-दूसरे की ओर आनत होते हैं, जिससे प्रकाश किरण का समग्र विचलन होता है।<br>✗ D. प्रकाश किरण बिना किसी दिशा परिवर्तन के प्रिज्म से एकसमान रूप से गुजरती है। |

| | |
|---|---|
| Q.18 | जंतुओं में, अवायवीय श्वसन के परिणामस्वरूप मुख्य रूप से _____ का निर्माण होता है। |
| Ans | ✗ A. जल<br>✗ B. कार्बन डाइऑक्साइड<br>✗ C. ग्लूकोज<br>✓ D. लैक्टिक अम्ल |

| | |
|---|---|
| Q.19 | धातु के ब्लॉक में दोषों का पता लगाने के लिए पराध्वनि (ultrasound) का उपयोग कैसे किया जा सकता है? |
| Ans | ✗ A. ब्लॉक को पराध्वनि के साथ गर्म करके<br>✗ B. धातु के रंग का मापन करके<br>✗ C. ब्लॉक के भीतर दृश्य संचलन का अवलोकन करके<br>✓ D. आंतरिक दरारों पर तरंगों के परावर्तन का मापन करके |

Adda247

**Q.20** आमाशय ग्रंथियों द्वारा स्रावित कौन-सा एंजाइम आमाशय में प्रोटीन के पाचन में सहायक होता है?

Ans
- ✗ A. लाइपेज
- ✗ B. माल्टेस
- ✓ C. पेप्सिन
- ✗ D. ऐमिलेज

**Q.21** मानव आमाशय में पाचन एंजाइमों के लिए एक विशिष्ट pH बनाए रखना क्यों महत्वपूर्ण है?

Ans
- ✗ A. आमाशय के अतिरिक्त अम्ल को उदासीन करने के लिए
- ✗ B. हानिकारक बैक्टीरिया की वृद्धि को रोकने के लिए
- ✗ C. जल को अधिक कुशलता से अवशोषित करने के लिए
- ✓ D. पेप्सिन जैसे एंजाइमों के सही आकार और गतिविधि को सुनिश्चित करने के लिए

**Q.22** न्यूटन के तृतीय नियम के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा परिदृश्य क्रिया-प्रतिक्रिया युग्म को सही से निरूपित नहीं करता है?

Ans
- ✓ A. टेबल पर नीचे की ओर दाब लगाने वाली पुस्तक और पुस्तक को नीचे खींचने वाला गुरुत्व
- ✗ B. बल्ले से गेंद को मारना और गेंद का बल्ले पर वापस धक्का लगाना
- ✗ C. रॉकेट की निकास गैसों का पीछे की ओर धकेलना और वायु का रॉकेट को आगे की ओर धकेलना
- ✗ D. चलते समय पैरों द्वारा धरातल को धकेलना और धरातल द्वारा वापस पैरों को धकेलना

**Q.23** यदि एक अजैव-निम्नीकरणीय रसायन जल में 0.02 ppm की सांद्रता से खाद्य श्रृंखला में प्रवेश करता है, तो समय के साथ क्या होगा?

Ans
- ✗ A. उच्चतम पोषी स्तरों पर इसकी सांद्रता कम हो जाएगी
- ✓ B. यह उच्चतम पोषी स्तरों पर अधिकतम संचयन दर्शाएगा
- ✗ C. यह केवल उत्पादकों तक ही सीमित रहेगा
- ✗ D. यह पारिस्थितिकी तंत्र से पूर्णत: लुप्त हो जाएगा

**Q.24** उद्दीपन के प्रति अनुक्रिया में वृद्धि के कारण किस प्रकार का पादप संचलन होता है?

Ans
- ✗ A. यादृच्छिक वृद्धि
- ✗ B. वृत्तीय वृद्धि
- ✗ C. तीव्र संकुचन
- ✓ D. दिशात्मक वृद्धि


**Q.25** पौधों में, विभाजक ऊतकों की उपस्थिति के कारण वृद्धि विशिष्ट क्षेत्रों तक ही सीमित रहती है, जिन्हें __________ के नाम से भी जाना जाता है।

Ans
- ✓ A. विभज्योतक ऊतक
- ✗ B. सहायक ऊतक
- ✗ C. स्थायी ऊतक
- ✗ D. संवहनी ऊतक

Section : **Mathematics**

Adda247

Q.26 निम्न पाई चार्टों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
विद्यालय को विभिन्न स्रोतों से मिलने वाला कुल फंड ₹700 लाख है।
यदि विद्यालय केवल सरकारी एजेंसियों से मिले फंड से ही विद्यालय के रखरखाव का प्रबंधन करता है, तो सरकारी एजेंसियों से मिले फंड में से अन्य उपयोगों के लिए कितना फंड (₹ में) शेष रहता है?




Ans
- A. 165 लाख
- B. 155 लाख
- C. 175 लाख
- D. 185 लाख

Q.27 2, 4, 6 और 8 का औसत कितना होगा?

Ans
- A. 6
- B. 4
- C. 7
- D. 5

Q.28 500 m लंबी और 72 km/h की चाल से गतिमान एक ट्रेन, विपरीत दिशा में 54 km/h की चाल से गतिमान और 410 m लंबी एक अन्य ट्रेन को पार करती है। दोनों ट्रेनों को एक-दूसरे को पूरी तरह से पार करने में कितना समय लगेगा?

Ans
- A. 18 सेकंड
- B. 26 सेकंड
- C. 32 सेकंड
- D. 40 सेकंड

Q.29 एक ट्रेन 7:00 a.m. पर स्टेशन A से स्टेशन B के लिए 80 km/h की चाल से चलती है। दूसरी ट्रेन 8:30 a.m. पर स्टेशन B से स्टेशन A के लिए उसी पटरी पर 100 km/h की चाल से चलती है। यदि दोनों स्टेशनों के बीच की दूरी 550 km है, तो दोनों ट्रेनें किस समय एक-दूसरे से मिलेंगी?

Ans
- A. 10:52:20 a.m.
- B. 10:53:21 a.m.
- C. 10:35:20 a.m.
- D. 10:53:20 a.m.

Q.30 एक व्यापारी ₹500 प्रति बैरल की दर से तेल खरीदता है। वह पहले कीमत में 20% की वृद्धि करता है और बाद में बढ़ी हुई कीमत में 10% की कमी कर देता है। प्रति बैरल अंतिम कीमत कितनी होगी?

Ans
- A. ₹560
- B. ₹550
- C. ₹540
- D. ₹500

Q.31 $\sqrt{(272)^2 - (128)^2}$ को सरल कीजिए।

Ans
- ✗ A. 144
- ✓ B. 240
- ✗ C. 200
- ✗ D. 256

Q.32 यदि किसी न्यून कोण θ के लिए sinθ + cosθ = √2 है, तो $\sin^4\theta + \cos^4\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $\frac{1}{\sqrt{2}}$
- ✗ B. $1$
- ✗ C. $\frac{1}{4}$
- ✓ D. $\frac{1}{2}$

Q.33 एक वाटर टैंक में दो इनलेट पाइप A और B हैं, तथा एक आउटलेट पाइप C है। पाइप A अकेले टैंक को 12 घंटे में भर सकता है, पाइप B अकेले उसे 18 घंटे में भर सकता है, तथा पाइप C अकेले पूरे भरे टैंक को 24 घंटे में खाली कर सकता है। यदि तीनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, तो टैंक कितने समय में भर जाएगा? (दशमलव के एक स्थान तक पूर्णांकित कीजिए)

Ans
- ✗ A. 11.2 घंटे
- ✗ B. 12.5 घंटे
- ✗ C. 9.5 घंटे
- ✓ D. 10.3 घंटे

Q.34 किसी बेलन का आयतन और ऊँचाई क्रमशः 1232 $cm^3$ और 24.5 cm हैं। बेलन की त्रिज्या (cm में) ज्ञात कीजिए। (π = 22/7 का प्रयोग कीजिए)

Ans
- ✗ A. 5
- ✗ B. 11
- ✗ C. 10
- ✓ D. 4

Q.35 एक चुनाव में, कुल 8,000 मत डाले गए। उम्मीदवार X को कुल मतों में से 55% मत प्राप्त हुए। उम्मीदवार X को प्राप्त मतों की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 4,400
- ✗ B. 4,200
- ✗ C. 4,000
- ✗ D. 4,600

Q.36 एक निश्चित धनराशि 3% वार्षिक दर से 3 वर्षों के लिए साधारण ब्याज पर निवेश की जाती है। अर्जित साधारण ब्याज, 6% वार्षिक दर से 2 वर्षों के लिए निवेश की गई ₹6,000 की धनराशि पर अर्जित चक्रवृद्धि ब्याज के आधे के बराबर है (जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है)। साधारण ब्याज पर निवेश की गई धनराशि ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹4,350
- ✗ B. ₹3,890
- ✓ C. ₹4,120
- ✗ D. ₹3,650

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.37 यदि निम्नलिखित आंकड़ों का माध्य 49 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 | 60-70 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 24 | 34 | 15 | 36 | x |

Ans
- ✗ A. 77
- ✗ B. 84
- ✗ C. 61
- ✓ D. 56

Q.38 श्रीमान X ने 40 महीनों के लिए ₹50,000 की राशि उधार ली। यदि उन्होंने मासिक किस्त के रूप में ₹1,625 चुकाए, तो साधारण ब्याज दर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 9%
- ✗ B. 7.5%
- ✗ C. 8%
- ✗ D. 6.8%

Q.39 निम्नलिखित संख्याओं का माध्य ज्ञात कीजिए:
283, 261, 253, 175, 186 और 192

Ans
- ✗ A. 235
- ✓ B. 225
- ✗ C. 230
- ✗ D. 220

Q.40 एक सम षट्भुजाकार बगीचे की प्रत्येक भुजा की लंबाई 21 m है। इसके केंद्र में 7 m त्रिज्या वाला एक वृत्ताकार फव्वारा बनाया गया है। शेष बगीचे का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए (दशमलव के एक स्थान तक पूर्णांकित)।
($\pi = \frac{22}{7}$ और $\sqrt{3} = 1.73$)

Ans
- ✓ A. 990.4 $m^2$
- ✗ B. 981.4 $m^2$
- ✗ C. 996.4 $m^2$
- ✗ D. 986.4 $m^2$

Q.41 एक माता और उसकी पुत्री की वर्तमान आयु का योग 50 वर्ष है। पाँच वर्ष पहले, माता की आयु उसकी पुत्री की आयु की सात गुना थी। पुत्री की वर्तमान आयु कितनी है?

Ans
- ✗ A. 14 वर्ष
- ✗ B. 12 वर्ष
- ✓ C. 10 वर्ष
- ✗ D. 11 वर्ष

Q.42 मान लीजिए A एक समबहुभुज है जिसका प्रत्येक आंतरिक कोण उसके बाह्य कोण से 120° अधिक है। A की भुजाओं की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 12
- ✗ B. 15
- ✗ C. 10
- ✗ D. 18

Q.43 2.5, 4, और 10 का चतुर्थानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 16
- ✗ B. 12
- ✗ C. 18
- ✗ D. 14

Adda247

Q.44 यदि ब्याज, अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होता है, तो ₹12,000 की धनराशि पर 10% वार्षिक दर से 1.5 वर्ष के लिए चक्रवृद्धि ब्याज (₹ में, निकटतम दहाई तक पूर्णांकित) कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 1,970
- ✗ B. 1,980
- ✗ C. 1,870
- ✓ D. 1,890

Q.45 यदि एक दर्जन नोटबुक की कीमत ₹360 है, तो ऐसी 5 नोटबुक की कीमत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹180
- ✗ B. ₹120
- ✓ C. ₹150
- ✗ D. ₹160

Q.46 यदि एक 7-अंकों संख्या 87321A6, 6 से पूर्णतः विभाज्य है, तो A का न्यूनतम मान क्या है?

Ans
- ✗ A. 3
- ✗ B. 2
- ✓ C. 0
- ✗ D. 1

Q.47 यदि $\cos\theta + \cos^2\theta = \sec^2\theta - \tan^2\theta$ है, तो $\sin^2\theta + \sin^4\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $\cos^2\theta$
- ✓ B. $1$
- ✗ C. $\mathrm{cosec}\theta$
- ✗ D. $0$

Q.48 एक व्यापारी किसी वस्तु को उसके सूची मूल्य पर 25% की छूट पर खरीदता है और उसे सूची मूल्य से 35% अधिक पर अंकित करता है। यदि वह नए अंकित मूल्य पर 20% की छूट प्रदान करता है, तो उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 36%
- ✓ B. 44%
- ✗ C. 42%
- ✗ D. 34%

Q.49 यदि संख्याएं 25, 35, 45.2 और x, समानुपात में हैं, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 70.78
- ✓ B. 63.28
- ✗ C. 56.23
- ✗ D. 52.56

Q.50 एक व्यापारी किसी वस्तु को उसके अंकित मूल्य पर 25% और 80% की दो क्रमिक छूट देकर बेचता है और उसे 50% का लाभ प्राप्त होता है। यदि वस्तु का क्रय मूल्य 74% बढ़ा दिया जाए, तो उसे पहले जितना लाभ प्रतिशत प्राप्त करने के लिए उसी समान अंकित मूल्य पर कितनी छूट देनी चाहिए?

Ans
- ✗ A. 72.62%
- ✗ B. 66.56%
- ✗ C. 69.5%
- ✓ D. 73.9%

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.51 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : VWS :: YZV : %

Ans
✗ A. # = WXT , % = XXV

✗ B.
# = WXS , % = WXT

✗ C.
# = WZV , % = XYU

✓ D.
# = WXT , % = XYU

Q.52 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'BOST' को '7816' और 'STOM' को '8764' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'M' के लिए कूट क्या है?

Ans
✓ A. 4

✗ B. 8

✗ C. 6

✗ D. 7

Q.53 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 39 का संबंध 117 से है। इसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 46 का संबंध 138 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए 54 का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है? (नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है।)

Ans
✗ A. 168

✗ B. 174

✗ C. 156

✓ D. 162

Q.54 श्री नॉरज़ांग बिंदु A से गाड़ी चलाना शुरू करते हैं और 19 km दक्षिण की ओर गाड़ी चलाते हैं। फिर वह दाईं ओर मुड़कर 29 km गाड़ी चलाते हैं, फिर से दाईं ओर मुड़कर 12 km गाड़ी चलाते हैं। फिर वह दाईं ओर मुड़कर 16 km गाड़ी चलाते हैं। इसके बाद वह दाईं ओर मुड़कर 8 km गाड़ी चलाते हैं, फिर बाईं ओर मुड़कर 2 km गाड़ी चलाते हैं। अंत में वह बाईं ओर मुड़कर 15 km गाड़ी चलाते हैं और बिंदु P पर रुक जाते हैं। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उनको कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलाना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं)

Ans
✓ A. 11 km पूर्व की ओर

✗ B. 11 km पश्चिम की ओर

✗ C. 7 km उत्तर की ओर

✗ D. 7 km दक्षिण की ओर

Q.55 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) B G P W P Z L Q J K V I V Z E R I F F M I (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद में एक स्वर है?

Ans
✗ A. दो

✗ B. एक

✗ C. चार

✓ D. तीन

Q.56 यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है, और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
68 - 2 ÷ 21 + 63 × 9 = ?

Ans
- ✔ A. 150
- ✘ B. 140
- ✘ C. 170
- ✘ D. 160

Q.57 A, B, C, D, E और F एक वृत्त के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
D, F के बाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। B, D के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। E के बाईं ओर से गिनती करने पर E और C के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। A, E का निकटतम पड़ोसी है।
B के बाईं ओर से गिनती करने पर F और B के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✘ A. दो
- ✔ B. एक
- ✘ C. तीन
- ✘ D. एक भी नहीं

Q.58 दी गई अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

(बाएं) L P # & M N + A S $ % @ H J L P @ & X ? W B H P L & + X Z F % ? W @ P L (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी प्रतीक हटा दिए जाएं, तो श्रृंखला के दाएं छोर से चौथे अक्षर और बाएं छोर से चौथे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला श्रृंखला में कितने अक्षर हैं?

Ans
- ✘ A. 5
- ✘ B. 8
- ✔ C. 7
- ✘ D. 10

Q.59 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'NUKE' को '6148' के रूप में तथा 'UREN' को '9418' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'R' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
- ✘ A. 1
- ✘ B. 4
- ✘ C. 8
- ✔ D. 9

Q.60 O, N, W, M और A में से सभी अक्षरों का उपयोग करके कितने सार्थक पांच-अक्षरों वाले अंग्रेजी शब्द बनाए जा सकते हैं जिसमें प्रत्येक शब्द में प्रत्येक अक्षर का केवल एक बार उपयोग किया गया हो?

Ans
- ✘ A. दो से अधिक
- ✘ B. एक भी नहीं
- ✔ C. एक
- ✘ D. दो

Q.61 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✘ A. ECZ
- ✘ B. JHE
- ✘ C. RPM
- ✔ D. DBX

Q.62 Q, R, W, T, E, U और Y में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। T की परीक्षा शुक्रवार को है। R और U के बीच ठीक तीन व्यक्तियों की परीक्षा है, जिनमें से किसी की भी परीक्षा रविवार को नहीं है। W की परीक्षा E के ठीक बाद है। Q की परीक्षा U से ठीक पहले है। W के ठीक बाद किसकी परीक्षा है?

Ans
- ✗ A. E
- ✓ B. T
- ✗ C. U
- ✗ D. R

Q.63 अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. RT - WY
- ✗ B. PR - UW
- ✓ C. DF - IL
- ✗ D. KM - PR

Q.64 अमित उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर खड़े हुए 35 व्यक्तियों की एक पंक्ति में खड़ा है। वह बाएं छोर से 10वें स्थान पर है। यदि सुनील, अमित के बाएं 5वें स्थान पर खड़ा है, तो बाएं छोर से सुनील का स्थान क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 11वां
- ✗ B. 8वां
- ✓ C. 5वां
- ✗ D. 6वां

Q.65 यदि शब्द BYCEPAL के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✗ B. एक
- ✗ C. एक भी नहीं
- ✓ D. दो

Q.66 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

185 210 246 295 359 ?

Ans
- ✗ A. 433
- ✗ B. 411
- ✓ C. 440
- ✗ D. 401

Q.67 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।

FUN TOP MIX LED

यदि प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है, तो इस प्रकार निर्मित कितने अक्षर समूहों में कोई स्वर नहीं होगा?

Ans
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✗ B. तीन
- ✗ C. एक
- ✓ D. दो

Q.68 27 विद्यार्थियों की एक कक्षा में, नेहा शीर्ष से छठे स्थान पर है। कक्षा में नीचे से उसका स्थान क्या है?

Ans
- ✗ A. 21वां
- ✗ B. 23वां
- ✓ C. 22वां
- ✗ D. 20वां

Q.69 एक निश्चित कूट भाषा में, 'BARK' को '1849' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'RACK' को '6941' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'C' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✓ A. 6
- ✗ B. 9
- ✗ C. 4
- ✗ D. 1

Q.70 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से RKZG का संबंध MEUA से है। उसी प्रकार, JNCL का संबंध EHXF से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, ADMQ का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✓ A. VXHK
- ✗ B. VYHJ
- ✗ C. WYIJ
- ✗ D. WXYK

Q.71 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई शृंखला में ? के स्थान पर क्या आएगा?
YDB UHE QLH MPK ?

Ans
- ✗ A. NTO
- ✓ B. ITN
- ✗ C. OPS
- ✗ D. NTL

Q.72 यदि 'P' का अर्थ '+' है, 'Q' का अर्थ '–' है, 'R' का अर्थ '÷' है और 'S' का अर्थ '×' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

4 S 5 P 21 Q 7 R 1 = ?

Ans
- ✓ A. 34
- ✗ B. 44
- ✗ C. 39
- ✗ D. 30

Q.73 यदि '+' का अर्थ 'घटाना' है, '–' का अर्थ 'गुणा' है, '×' का अर्थ 'भाग' है तथा '÷' का अर्थ 'जोड़' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

15 × 5 ÷ 12 – 2 + 11 = ?

Ans
- ✗ A. 27
- ✓ B. 16
- ✗ C. 23
- ✗ D. 20

Adda247

Q.74 यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

RED BUS HOP FIT

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कोई स्वर नहीं आएगा?

Ans
- ✗ A. चार
- ✗ B. एक भी नहीं
- ✓ C. एक
- ✗ D. दो

Q.75 एक निश्चित कूट भाषा में,
A ^ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
A # B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A Ω B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है' और
A ± B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'C Ω L ^ M ± P # R' है, तो C का R से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. माता की माता की बहन
- ✗ B. माता की माता
- ✓ C. भाई की पत्नी की बहन
- ✗ D. बहन

Q.76 K का विवाह M से हुआ है। E, V की माता है। T का विवाह E से हुआ है। M, V की बहन है। T का K से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पत्नी की बहन
- ✗ B. बहन का पति
- ✓ C. पत्नी का पिता
- ✗ D. पति की माता

Q.77 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है, इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दिए गए समुच्चयों में प्रयुक्त समान संक्रिया-समुच्चय का अनुसरण करता है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ, जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

8 - 10 - 12 - 24
12 - 14 - 16 - 32

Ans
- ✓ A. 10 - 12 - 14 - 28
- ✗ B. 11 - 13 - 15 - 32
- ✗ C. 9 - 11 - 13 - 24
- ✗ D. 16 - 18 - 20 - 28

Q.78 निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती बाएँ से दाएँ की जानी है।

(बाएँ) H 5 K & D # 6 G 7 A L % J Q 4 B F 9 @ Y 2 P S 8 C (दाएँ)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में एक संख्या भी है?

Ans
- ✓ A. एक
- ✗ B. दो
- ✗ C. चार
- ✗ D. तीन

Q.79 छह मित्र, C, D, E, O, P और Q, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। Q के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। Q और O के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। O के बाईं ओर दूसरे स्थान पर P बैठा है। P और E के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। C के बाईं ओर किसी स्थान पर D बैठा है। D के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✗ B. चार
- ✓ C. पांच
- ✗ D. दो

Q.80 एक निश्चित तर्क के अनुसार, KG 1 का संबंध MH 4 से है। उसी प्रकार, OQ 9 का संबंध QR 12 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, SM 5 का संबंध दिए गए विकल्पों में किससे है?

Ans
- ✓ A. UN 8
- ✗ B. OP 14
- ✗ C. NQ 12
- ✗ D. NP 14

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81 मई 2026 में IPL के एक ही सीजन में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बनकर किसने इतिहास रचा?

Ans
- ✗ A. ईशान किशन
- ✗ B. प्रियांश आर्य
- ✗ C. अभिषेक शर्मा
- ✓ D. वैभव सूर्यवंशी

Q.82 उस स्वदेशी मिसाइल का नाम क्या है, जिसका फाइनल ट्रायल DRDO ने मई 2026 में एयर-टु-ग्राउंड (air-to-ground) और एयर-टु-एयर (air-to-air) दोनों मोड में सफलतापूर्वक पूरा किया था?

Ans
- ✗ A. ULPGM-V2
- ✗ B. ULPGM-V5
- ✗ C. ULPGM-V4
- ✓ D. ULPGM-V3

Q.83 ICC पुरुष T20 विश्व कप 2026 की सह-मेजबानी निम्नलिखित में से किन देशों द्वारा की गई थी?

Ans
- ✗ A. पाकिस्तान और श्रीलंका
- ✗ B. पाकिस्तान और बांग्लादेश
- ✓ C. भारत और श्रीलंका
- ✗ D. पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात

Q.84 2026 के 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों की टाइम100 (TIME100) सूची के अनुसार, कौन-सा व्यक्ति सर्वाधिक बार सूची में शामिल हुआ — जो उसकी 14वीं उपस्थिति है?

Ans
- ✗ A. सुंदर पिचाई (Sundar Pichai)
- ✗ B. बेंजामिन नेतन्याहू (Benjamin Netanyahu)
- ✓ C. शी जिनपिंग (Xi Jinping)
- ✗ D. डोनाल्ड ट्रंप (Donald Trump)

Q.85 जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक, 2026, 79 केंद्रीय अधिनियमों में 784 प्रावधानों को लक्षित करता है। नियामक अनुपालन को सरल बनाने के लिए इस विधेयक द्वारा प्रस्तावित प्राथमिक कानूनी तंत्र क्या है?

Ans
- ✗ A. यह सभी छोटे मौद्रिक दंडों को माफ करता है।
- ✗ B. यह सभी विवादों को उच्च न्यायालयों में स्थानांतरित करता है।
- ✓ C. यह आपराधिक आरोपों को नागरिक दंड में बदलता है।
- ✗ D. यह कानून प्रवर्तन को राज्य पुलिस को सौंपता है।

**Q.86** फरवरी 2026 में सरकार द्वारा S.O. 952(E) के अंतर्गत प्रारंभ की गई नई सड़क सुरक्षा कल्याण पहल का आधिकारिक नाम क्या है?

**Ans**
- ✗ A. पीएम-उपचार (PM-UPCHAAR)
- ✓ B. पीएम-राहत (PM-RAHAT)
- ✗ C. पीएम-कवच (PM-KAVACH)
- ✗ D. पीएम-सुरक्षा (PM-SURAKSHA)

**Q.87** जनवरी 2026 में, आर्थिक सर्वेक्षण 2025–26 को संसद में किस कार्यक्रम से पहले प्रस्तुत किया गया था?

**Ans**
- ✗ A. श्रम सर्वेक्षण प्रकाशन
- ✗ B. मौद्रिक नीति की घोषणा
- ✓ C. केंद्रीय बजट प्रस्तुति
- ✗ D. जनगणना रिपोर्ट विमोचन

**Q.88** भारत सरकार के किस मंत्रालय ने मार्च 2026 में, 'Planet in Focus: Advancing Environmental Sustainability under the SDGs' (प्लैनेट इन फोकस: एडवांसिंग एन्वायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी अंडर द SDGs) नामक विषय-आधारित SDG बुलेटिन जारी किया?

**Ans**
- ✓ A. सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
- ✗ B. पंचायती राज मंत्रालय
- ✗ C. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
- ✗ D. ग्रामीण विकास मंत्रालय

**Q.89** निम्नलिखित में से किस खिलाड़ी को पैरा-एथलीट के रूप में पद्म श्री पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया था?

**Ans**
- ✓ A. प्रवीण कुमार
- ✗ B. के. पजानिवेल
- ✗ C. रोहित शर्मा
- ✗ D. सविता पुनिया

**Q.90** मई 2026 में, किन संगठनों ने सामरिक उन्नत रेंज संवर्धन (TARA) हथियार का पहला उड़ान परीक्षण किया?

**Ans**
- ✗ A. भारतीय नौसेना और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन
- ✓ B. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन और भारतीय वायु सेना
- ✗ C. भारतीय सेना और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन
- ✗ D. भारतीय वायु सेना और भारत डायनामिक्स लिमिटेड

**Q.91** फरवरी 2026 में, किस देश ने सतत विकास पर 13वें एशिया-प्रशांत मंच (Asia-Pacific Forum on Sustainable Development-APFSD) की मेजबानी की?

**Ans**
- ✓ A. थाईलैंड
- ✗ B. इंडोनेशिया
- ✗ C. भारत
- ✗ D. जापान

**Q.92** 14 मई, 2026 को आयोजित "विकसित भारत के लिए AI के माध्यम से अल्पसंख्यक कल्याण और समावेशी विकास" पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान, मंत्रालय ने किस प्राथमिक तकनीकी ड्राइवर (technological driver) को कल्याणकारी कार्यक्रमों में एकीकृत करने का प्रयास किया?

**Ans**
- ✗ A. ब्लॉकचेन लेजर सुरक्षा नेटवर्क
- ✗ B. क्वांटम कंप्यूटिंग नेटवर्क नोड्स
- ✓ C. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) समाधान
- ✗ D. जियोस्पेशियल रिमोट सेंसिंग उपग्रह

Adda247

| | |
|---|---|
| Q.93 | मार्च 2026 में, हाल के सुधारों के तहत भारत में किस संस्था को नेशनल डेंटल कमीशन (NDC) द्वारा प्रतिस्थापित किया गया था? |
| Ans | ✔ A. डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया<br>✘ B. नेशनल डेंटल अथॉरिटी<br>✘ C. इंडियन डेंटल असोशिएशन<br>✘ D. डेंटल बोर्ड ऑफ इंडिया |

| | |
|---|---|
| Q.94 | विश्व बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप 2026 में महिलाओं के 51 kg वर्ग में किस मुक्केबाज ने स्वर्ण पदक जीता? |
| Ans | ✘ A. राधामणी लोंगजाम<br>✔ B. चंद्रिका पुजारी<br>✘ C. नीतू घंघास<br>✘ D. लवलीना बोरगोहेन |

| | |
|---|---|
| Q.95 | जून 2026 में पेरिस समझौते के अनुच्छेद 6.2 के तहत 'जॉइंट क्रेडिटिंग मैकेनिज्म' के कार्यान्वयन नियम किन दो देशों ने अपनाए थे? |
| Ans | ✘ A. भारत और ब्राजील<br>✘ B. भारत और फ्रांस<br>✘ C. जापान और फ्रांस<br>✔ D. भारत और जापान |

| | |
|---|---|
| Q.96 | सरकारी कार्यालयों में रिश्वतखोरी से निपटने के लिए एक अनोखे उपाय के रूप में, किस राज्य सरकार ने मई 2026 में 'प्रोजेक्ट जीरो (Project Zero)' शुरू किया, जिसमें रिश्वत मांगने के दृश्य साक्ष्य प्रस्तुत करने वाले नागरिकों को नकद पुरस्कार की पेशकश की गई? |
| Ans | ✘ A. कर्नाटक<br>✔ B. केरल<br>✘ C. तमिलनाडु<br>✘ D. महाराष्ट्र |

| | |
|---|---|
| Q.97 | भारतीय रेलवे ने AI के माध्यम से HR गवर्नेंस को आधुनिक बनाने के लिए मई 2026 में किस शहर में चिराग केंद्र (CHIRAG Centre) का उद्घाटन किया था? |
| Ans | ✘ A. कानपुर<br>✔ B. हैदराबाद<br>✘ C. कोलकाता<br>✘ D. भोपाल |

| | |
|---|---|
| Q.98 | मई 2026 में किस भारतीय राजनीतिज्ञ को सतत कृषि में उनके योगदान के लिए रोम में प्रतिष्ठित खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) एग्रीकोला मेडल से सम्मानित किया गया? |
| Ans | ✘ A. द्रौपदी मुर्मू<br>✔ B. नरेंद्र मोदी<br>✘ C. अमित शाह<br>✘ D. चंद्रबाबू नायडू |

| | |
|---|---|
| Q.99 | केंद्रीय बजट 2026-27 में, इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (ISM) 2.0 के लिए ₹1,000 करोड़ का प्रावधान किया गया था, जिसमें निम्नलिखित में से किस पर विशेष जोर दिया गया है? |
| Ans | ✔ A. उद्योग आधारित अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्रों को संचालित करने<br>✘ B. सार्वजनिक क्षेत्र की विनिर्माण इकाइयों का विस्तार करने<br>✘ C. खनिज निर्यात के लिए सब्सिडी बढ़ाने<br>✘ D. खनन में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा देने |

Adda247


Test
Prime
By Adda247
PREVIOUS YEAR
PAPERS PDF
PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!
PDF
Free
25,000+
PDF's
High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly
Previous Year Papers PDF
Search
Banking
JAIIB & CAIIB
SSC
Railways
April 2026
11th Apr (Shift: 1)
HINDI
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques
60 Mins
DOWNLOAD
ATTEMPT NOW
11th Apr (Shift: 1)
ENGLISH
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques
60 Mins
DOWNLOAD
ATTEMPT NOW
11th Apr (Shift: 2)
HINDI
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques
60 Mins
DOWNLOAD
ATTEMPT NOW
11th Apr (Shift: 2)
ENGLISH
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques
60 Mins
DOWNLOAD
ATTEMPT NOW
February 2026
22nd Feb (Shift: 1)
ENGLISH
BOB Office Assistant MBT (...
ATTEMPT AS
MOCK
Turn PDFs into real exam experience.
Analyze. Improve. Succeed.
Topic-wise & Exam-wise PDFs
Download & Study Offline
Attempt as Mock & Track Score
Smart Analysis & Performance
AVAILABLE IN
Banking
SSC
Railway
Teaching
UGC
Agriculture
Nursing
Bihar
UP
Punjab
WB
Odisha
TN
AP & Telangana
Haryana
DOWNLOAD TEST PRIME


Test Prime
SUCCESS GALLERY!
MEET THE ACHIEVERS
Kunal, RRB JE
Shivam, UPSSSC AGTA
Priya, ANM
KHALILUR, LDA
Manoj , PWD
Atin, JENPAS
Shatarupa, OPSC
Arpita, JENPAS
Shital, SSC JE (Mech)
Nancy, UGC NET
Atul, SSC JE (ELCT)
Rahul, SSC JE (CIVILI)
Anand, SSC JE (ELCT)
Mohan, SSC JE (ELCT)
Saurabh, UGC NET
Ved, SSC JE (Mech)
THEY DID IT. YOU CAN TOO
READ THEIR STORIES !

Q.100 पुस्तक "टाइड्स ऑफ टाइमः भारत्स हिस्ट्री थ्रू म्यूरल्स इन पार्लियामेंट (Tides of Time: Bharat's History through Murals in Parliament)" के/की लेखक/लेखिका कौन हैं, जिसका विमोचन अप्रैल 2026 में भारत के उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन द्वारा किया गया था?

Ans

✗ A. श्री रॉबिन शर्मा

✓ B. श्रीमती सुधा मूर्ति

✗ C. श्रीमती द्रौपदी मुर्मू

✗ D. श्री चेतन भगत

"